(Pages : 5) **ME 523**

Sl. No.

# SSLC MODEL EXAMINATION, FEBRUARY - 2026

## HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

Score

**सूचना : 'खिड़की' लघुकथा का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।**

पत्नी ने पाँच शॉलें अलग कर लीं और मेरी ओर देख रुपए देने का इशारा किया। मैंने झट 750 रुपए निकालकर दे दिए। उसके जाने के बाद रास्ते भर पत्नी की सुई इसी बात पर अटकी रही- "वो एक बार में ही डेढ़ सौ में मान गई। गलती की, थोड़ा तोल-मोल और करना चाहिए था!"

1. पत्नी ने किसका इशारा किया? 1

(क) शॉल चुनने का (ख) रुपए देने का

(ग) गाड़ी से उतरने का (घ) चुप बैठने का

2. 'थोड़ा तोल-मोल और करना चाहिए था।' पत्नी ने ऐसा क्यों कहा होगा? 2

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें।**

सबेरा हुआ। बिखरे सामान को फिर से पिट्ठू में जमाते हुए छोटू ने कहा, "उसने हमारी कानी कौड़ी तक नहीं ली।" दरवाज़ा खोलकर हम बाहर आए। पड़ोस के युवक से कहा, "रात को एक पागल ने हमें बहुत परेशान किया। घंटे-डेढ़ घंटे तक हमें डराता-धमकाता रहा। वह हमें पीट भी सकता था।"



OXFORD

Score

3. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(i) आदमी ने लेखक को परेशान किया।

(ii) आदमी ने छोटू को पीटा।

(iii) आदमी ने पिट्ठू से पैसा लिया।

(iv) आदमी ने पिट्ठू के सामान बाहर फेंका।

(क) (i) और (ii) सही हैं। (ख) (i) और (iv) सही हैं।

(ग) (i) और (iii) सही हैं। (घ) (iii) और (iv) सही हैं।

4. यात्रावृत्त के इस अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : 'मेरी दुनिया के तमाम बच्चे' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 5 का उत्तर लिखें।**

वो सड़कों पर गड्ढे खोदेंगे
और पानी भर देंगे
और पानियों में छपा-छप लोटेंगे
वो प्यार करेंगे एक दिन उन सबसे
जिनसे तुमने उन्हें नफ़रत करना सिखाया है।

5. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**अथवा**

संकेतों की सहायता से 'बच्चों की दुनिया' विषय पर **लघु लेख** लिखें।

- हथियारों का विरोध करने वाले
- संसार को एक मानने वाले
- प्रेम से नफ़रत को जीतने वाले
- प्रकृति से प्यार करने वाले

**सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 6 का उत्तर लिखें।**

लड़का खुद प्रकट हुआ तो ठीक, यदि उसके घरवाले निकल आते तो केशव को देखकर अपने लड़के को खेलने न भेजने का उनका इरादा और पक्का हो जाता।- "गुल्लू आज खेलने नहीं जाएगा। पढ़ाई करेगा। तुम भागो यहाँ से!"

OXFORD

Score

6. प्रस्तुत प्रसंग पर गुल्लू की माँ और केशव के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

गुल्लू के घर के अनुभव के बारे में केशव और मनोज के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें।

**सूचना : 'एक तिनका' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 7 और 8 के उत्तर लिखें।**

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

7. 'अहंभाव' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1

(क) मुंडेरा (ख) घमंड (ग) अचानक (घ) आँख

8. समान आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

अचानक दूर से एक तिनका आकर कवि की आँख में गिर पड़ा।

**सूचना : 'गैलीलियो' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।**

कुछ दिनों बाद गैलीलियो को उसके पिता ने डॉक्टरी पढ़ने के लिए भेज दिया। मगर वह तो वैज्ञानिक बनना चाहता था। उसने अपने आप विषय बदल लिए। पिता ने डाँटा तो उसने भोलेपन से कहा, "आप ही तो कहते थे कि सच कहने और सच निभाने में कभी भगवान से भी नहीं डरना चाहिए।"

9. पिता ने गैलीलियो को क्यों डाँटा? 2

10. फरवरी 28 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' है। इस अवसर पर सरकारी कन्या पाठशाला, दिल्ली में वैज्ञानिक नाटक का मंचन होने वाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4



OXFORD

Score

**सूचना : 'परी लड़की' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 11 और 12 के उत्तर लिखें।**

> आखिरकार, युद्ध समाप्त हो गया। बहुत से लोग उस दौरान मर गए थे, लेकिन मैं जीवित था। आज़ाद, एक दम मुक्त। मैं आखिरी बार बाड़ के पास गया। वह वहाँ इंतज़ार कर रही थी। "तुम मेरी परी लड़की हो" -मैंने कांटेदार तार के बीच से कहा। मैंने अपनी परी लड़की की आँख में एक आँसू देखा।

11. परी लड़की की आँखें क्यों भर आईं? **2**

12. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर हरमन की **डायरी** लिखें। **4**

**अथवा**

युद्ध के बाद हरमन बाड़ के पास परी लड़की से मिला। इसके बारे में बताते हुए माँ के नाम हरमन का **पत्र** लिखें।

**सूचना : 'दिल्ली में उनींदे' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

> "और एक रात मैंने सोचा, मेरे सिर पर छत तो वैसे भी नहीं है। क्या फ़र्क पड़ता है, कि मैं गाँव के खुले में सोऊँ या दिल्ली की सड़क पर? सो पहले मैं कानपुर गया, फिर वहाँ से दिल्ली।" "अब खुश है यहाँ पर?" "पेट भरने आया था। मुझे खुशी है कि वह भर लेता हूँ। और ऑटो चलाता हूँ।"

13. राजा राम ने अपना गाँव क्यों छोड़ दिया? **2**

14. कोष्ठक के शब्दों की मदद से वाक्य विस्तार करें। **3**

(दिल्ली में, ऑटो, गरीब)

राजा राम चलाता है।

...............................

...............................................

.................................................................

OXFORD

Score

**सूचना : नीचे का खंड पढ़कर 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> ऐन फ्रैंक जर्मनी की एक छोटी लड़की थी। दूसरे विश्वयुद्ध के कारण उसके परिवार को कई यातनाएँ सहनी पड़ीं। परिवार के लोग एक पुरानी इमारत में रहने लगे। वहाँ ऐन प्रतिदिन डायरी लिखती थी। वह एक लेखिका बनना चाहती थी। दो साल बाद उसका परिवार पकड़ा गया और उसे शिविर में भेज दिया गया।

**15.** विशेषण शब्द चुनकर लिखें। **1**

(क) इमारत (ख) दफ़्तर (ग) पुरानी (घ) परिवार

**16.** निर्देशानुसार उत्तर लिखें। **2**

(क) 'उसका' में निहित सर्वनाम कौन-सा है?

(ख) नमूने के अनुसार लिखें :

| | |
|---|---|
| लड़की डायरी **लिखती है**। | लड़की डायरी **लिखेगी**। |
| लड़के डायरी **लिखते हैं**। | लड़के ..................। |

**17.** ऐन फ्रैंक के परिवार को यातनाएँ सहनी पड़ीं। क्यों? **1**

-oOo-

OXFORD